CBSE Class 6 Social Science Important Questions Civics Chapter 1 विविधता की समझ

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत में विविधता का एक उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
भारत के लोग देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहते हैं और भिन्न - भिन्न भाषाएँ बोलते हैं।

प्रश्न 2.
भारतीयों के मध्य विविधता में एकता का एक उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
भारत के सभी लोग भारत को एक मातृभूमि के रूप में मानते हैं और उस पर गर्व करते हैं।

प्रश्न 3.
समीर - दो क्या काम करता था?
उत्तर:
समीर - दो चौराहे की लालबत्ती पर अखबार बेचता था।

प्रश्न 4.
गैर - बराबरी का क्या अर्थ है?
उत्तर:
गैर - बराबरी का अर्थ है कि कुछ लोगों के पास न अवसर हैं और न ही जमीन या पैसे जैसे संसाधन जो दूसरों के पास हैं।

प्रश्न 5.
किस प्रकार की भिन्नताएँ विविधता के पहलू हैं?
उत्तर:
खान पान, पहनावा, धर्म, भाषा आदि की भिन्नताएँ विविधता के पहलू हैं।

प्रश्न 6.
लद्दाख कहाँ स्थित है?
उत्तर:
लद्दाख जम्मू - कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित एक केन्द्रशासित प्रदेश है।

प्रश्न 7.
लद्दाख के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है?
उत्तर:

लद्दाख के लोगों का मुख्य व्यवसाय पश्मीना ऊन को एकत्रित कर कश्मीरी व्यापारियों को बेचने का है।

प्रश्न 8.
'पश्मीना ऊन' किस पशु से प्राप्त होती है?
उत्तर:
'पश्मीना कन' लद्दाख क्षेत्र में पाई जाने वाली विशेष किस्म की भेड़ से प्राप्त होती है।

प्रश्न 9.
लद्दाख में किन - किन पशुओं को पाला जाता है?
उत्तर:
लद्दाख में गाय, बकरी और याक आदि पशुओं को पाला जाता है।

प्रश्न 10.
लद्दाख की जलवायु वहाँ की फसलों को किस प्रकार प्रभावित करती है?
उत्तर:
लद्दाख में फसलें इसलिए पैदा नहीं होती क्योंकि वर्षा की कमी तथा वर्ष के एक बड़े समय में यहां की भूमि बर्फ से ढकी रहती है।

प्रश्न 11.
केरल राज्य भारत के किस भाग में स्थित है?
उत्तर:
केरल भारत के दक्षिणी - पश्चिमी कोने में समुद्र के तट पर स्थित है।

प्रश्न 12.
भारत में सबसे पहले अरबी और यहूदी व्यापारी किस राज्य में आए थे?
उत्तर:
केरल राज्य में।

प्रश्न 13.
भारत में ईसाई धर्म को लाने का श्रेय किसे है?
उत्तर:
भारत में ईसाई धर्म को लाने का श्रेय ईसा मसीह के धर्म दूत संत थामस को है। ये लगभग दो हजार वर्ष पूर्व भारत में आए थे।

प्रश्न 14.
चीना क्ला किसे कहते हैं?
उत्तर:
केरल में मछली पकड़ने के जालों को 'चीना - वला' कहा जाता है, वे हू - ब - हू चीनी जालों से मिलते हैं।

प्रश्न 15.
'चीना चट्टी' किसे कहते हैं?
उत्तर:
केरल में भोजन को तलने के लिए जिस बर्तन का उपयोग किया जाता है, उसे 'चीना चट्टी' कहते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
केरल के लोगों का मुख्य भोजन क्या है?
उत्तर:
केरल के लोगों का मुख्य भोजन चावल, मछली और सब्जी है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत विविधताओं का देश है। स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
भारत विविधताओं का देश है क्योंकि यहां के लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं। विभिन्न प्रकार का खाना खाते हैं, अलग अलग त्यौहार मनाते हैं और भिन्न - भिन्न धर्मों का पालन करते हैं तथा अलग - अलग पहनावा पहनते हैं। ये विभिन्नताएँ विविधता के पहलू हैं।

प्रश्न 2.
गरीबी अमीरी विविधता का रूप क्यों नहीं है?
उत्तर:
गरीबी अमोरी विविधता का रूप नहीं है, बल्कि गैर - बराबरी (असमानता) का रूप है। गैर बराबरी का अर्थ है कि कुछ लोगों के पास न अवसर हैं और न ही जमीन या पैसे जैसे संसाधन, जो दूसरों के पास हैं। इसलिए गरीबीअमीरी विविधता का रूप न होकर लोगों के बीच मौजूद गैर - बराबरी है।

प्रश्न 3.
जाति व्यवस्था से गैर - बराबरी किस प्रकार पैदा हुई है?
उत्तर:
जाति व्यवस्था में समाज को अलग - अलग समूहों में बाँय गया। इस बँटवारे का आधार था कि लोग किस - किस तरह का काम करते हैं। लोग जिस जाति में पैदा होते थे, उसे बदल नहीं सकते थे। कोई व्यक्ति जाति से जुड़ा अपना पेशा भी नहीं बदल सकता था। इसलिए उस ज्ञान के अलावा अन्य ज्ञान को हासिल करना जरूरी नहीं समझा जाता था। इससे गैर - बराबरी पैदा हुई।

प्रश्न 4.
लगभग दो सौ वर्ष पूर्व लोग यात्राएँ क्यों करते थे?
उत्तर:
लगभग दो सौ वर्ष पूर्व लोग निम्नलिखित कारणों से यात्राएँ करते थे:

- तीर्थ यात्राएँ
- व्यापार हेतु
- धर्म प्रसार हेतु
- नई जमीन की तलाश हेतु
- सूखा या अकाल पड़ने के कारण
- निरंतर होने वाले युखों के कारण तथा
- काम की तलाश में।

प्रश्न 5.
लोगों के स्थान परिवर्तन करने और नये स्थानों में बसने के क्या परिणाम हुए?
उत्तर:
लोगों के स्थान परिवर्तन करने और नये स्थानों में असने से उनके:

1. खान - पान में परिवर्तन आए
2. भाषा में परिवर्तन आए
3. रहन - सहन में परिवर्तन आए
4. पहनावे में परिवर्तन आए। साथ ही उनके धार्मिक विचारों तथा सामाजिक - आर्थिक स्थितियों में परिवर्तन आये। इस सबके परिणामस्वरूप मिश्रित संस्कृतियों का उदय हुआ।

प्रश्न 6.
किसी क्षेत्र के विविधता सम्पन्न होने में वहाँ के इतिहास के प्रभाव को समझाइए।
उत्तर:
अगर अलग - अलग क्षेत्रों का इतिहास देखें तो हमें ज्ञात होता है कि विभिन्न सांस्कृतिक प्रभावों ने वहाँ के जीवन और संस्कृति को आकार देने में योगदान किया है। इस तरह से कई क्षेत्र अपने विशिष्ट इतिहास के कारण विविधता सम्पन्न हो जाते थे।

प्रश्न 7.
भौगोलिक स्थितियों से सामञ्जस्य बिठाने में किस प्रकार विविधता उत्पन्न होती है?
उत्तर:
लोग अलग - अलग तरह की भौगोलिक स्थितियों से जिस प्रकार सामञ्जस्य बैठाते हैं, उससे भी विविधता उत्पन्न होती है। उदाहरण के लिए समुद्र के पास रहने में और पहाड़ी इलाकों में रहने में बड़ा फर्क है। न केवल वहाँ के लोगों के कपड़ों और खान-पान की आदतों में फर्क होगा, बल्कि जिस तरह का काम वे करेंगे, वे भी अलग होंगे। इस प्रकार भिन्न भिन्न भौगोलिक स्थितियों से सामञ्जस्य बिठाने में भी खान - पान, रहन - सहन व कार्य करने व जीवन शैली की विविधता उत्पन्न होती है।